NT>

Title: Regarding increasing incidents of dacoity and abduction in the state of Madhya Pradesh.

श्री रामानन्द सिंह (सतना) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश से लगे मध्य प्रदेश के सतना जिले में चित्रकूट क्षेत्र, रीवा जिले के सिरमौर और त्यौंचर क्षेत्र में डकैती और अपहरण की घटनाएं निरन्तर बढ़ रही हैं। अभी चित्रकूट ग्राम्य विश्वविद्यालय के दो छात्रों का अपहरण होने के बाद जो उपद्रव हुआ, उसके बाद अभी 26 तारीख को सिरमौर में एक गुप्ता का अपहरण हो गया और 28 तारीख को पूर्व विधायक श्री रामलखन सिंह के बेटे का अपहरण हो गया।

हमने बार-बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और गृह सचिव को पत्र लिखे, लेकिन उस क्षेत्र में डाकू समस्या हल करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार कोई प्रयास नहीं कर रही है। मैं भारत सरकार से अपील करता हूं कि मध्य प्रदेश सरकार से सम्पर्क करके अगर उनके पास फोर्स कम है तो केन्द्र सरकार केन्द्रीय रिजर्व बल और फोर्स की व्यवस्था करके जो भिंड मुरैना जैसा डाकू क्षेत्र होता जा रहा है, उत्तर प्रदेश से लगे चित्रकूट, सिरमौर और त्यौंचर में डाकू समस्या निदान के लिए भारत सरकार मध्य प्रदेश सरकार से मिलकर प्रयास करे।